# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–20 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के कुशीनगर जिले से होते हुए बिहार के सिवान पहुंचे। वहां उन्होंने पांच हजार नौ सौ करोड रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बिहार और उत्तर प्रदेश को जोडने वाली चार सौ करोड रूपये से ज्यादा लागत से तैयार वैशाली–देवरिया रेल लाइन परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। साथ ही पाटिलीपुत्र तथा गोरखपुर के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस रेलगाडी को वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया भारत के विकास की सराहना कर रही है और देख रही है कि कैसे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है।

***मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। इस दौर में मेरी दुनिया के बड़े–बड़े समृद्ध देशों के नेताओं से बात हुई। सारे नेता भारत की तेज प्रगति से बहुत प्रभावित है। वह भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनते देख रहे हैं। इसमें बिहार की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है।***

इससे पहले कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य सभा सदस्य आरपीएन सिंह और कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबे ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर करीब दस मिनट रुकने के बाद प्रधानमंत्री बिहार के लिए रवाना हो गये।

**********

पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जुड़ने वाले इक्यानबे किलोमीटर लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने आजमगढ़ के सलारपुर और गोरखपुर के भगवानपुर टोल प्लाजा के पास अलग–अलग जनसभाओं को सम्बोधित भी किया। आजमगढ़ में लोकार्पण समारोह सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री वहां से गोरखपुर में आयोजित समारोह स्थल तक लिंक एक्सप्रेस–वे से ही पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी के पास कम्हरिया घाट पुल का निरीक्षण भी किया। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे ने न केवल गोरखपुर और आसपास के जिलों बल्कि नेपाल से आने वाले यात्रियों की भी सहूलियतें बढ़ा दी है। सामरिक दृष्टि से यह एक्सप्रेस–वे भारत–नेपाल सीमा के नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेगा साथ ही पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार रोड और एयर कनेक्टिविटी को मजबूत तथा समृद्ध बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

***जब हम लोग दो हजार सत्रह में आये थे हमारे पास डेढ़ एक्सप्रेस–वे थे यमुना एक्सप्रेस–वे और आगरा लखनऊ एक्सप्रेस–वे का काम आधा हुआ था। आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है आधे काम को तो हमने पूरा किया ही पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे की यात्रा का साक्षी आप बन रहे हैं। 2021 से लगातार बन रहे हैं 2022 में बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस–वे चालू हो गया है। तीन सौ किलोमीटर का है। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे 340 किलो मीटर का बन करके पहले तैयार हो चुका है।***

**********

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान घड़ियाल संरक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बहराइच के सांसद डॉ आनंद कुमार गोड ने केंद्रीय मंत्री श्री यादव से वन में स्थित गांवों के चतुर्दिक विकास की मांग की। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को इन गांवों के विकास का मॉडल प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही कतर्नियाघाट को और अधिक विकसित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक भी मौजूद रहे।

**********

संचालन और रख–रखाव से जुडे कारणों से एयर इंडिया की कई अंतर्राष्ट्रीय उडानें रद्द या कम की गई है। एयर इंडिया के बयान के अनुसार अमृतसर से लंदन और गोआ से लंदन की उडान पंद्रह जुलाई तथा दिल्ली से नैरोबी की उडान तीस जून तक नहीं चलेंगी। वक्तव्य में यह भी बताया गया है कि कल से पंद्रह जुलाई तक दिल्ली से टोरंटो, वॉशिंगटन, लंदन, पैरिस, वियना, मेलबॉर्न और तोक्यो की विभिन्न उडानों की संख्या कम की गई हैं।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग यूपीपीएससी ने यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा दो हजार चौबीस के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। आयोग की वेबसाइट यूपीपीएससी डॉट यूपी डॉट एनआईसी डॉ इन से अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**********